an>

Title: Issue regarding drug-addiction in the country.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं भारत के लिए सबसे गंभीर चुनौती की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ड्रग्स, हेरोइन, अफीम के धंधे से पूरा देश तबाह है। देश के 12 प्रतिशत स्कूल के बच्चे तंबाकू से लेकर शराब का सेवन करते हैं और 90 प्रतिशत बूढ़े नशे से पीड़ित हैं। पंजाब विकसित प्रदेश हुआ करता था लेकिन आज नशे के कारण समाप्त हो रहा है। कुछ दिन पहले * डीएसपी, जिसने खिलाड़ी के रूप में प्रतिनिधित्व किया था, कनाडा और दूसरे देशों में जाकर, वहां के राजनीतिज्ञों के साथ मिलकर, गलत धंधा किया। जब ईडी ने बुलाया और पूछा तो उसने कई राजनीतिज्ञों के नाम का खुलासा किया कि ये संलिप्त हैं। कई पदाधिकारियों के नाम संलिप्त बताए हैं। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Any individual's name cannot go on record.

श्री राजेश रंजन : पूरा पंजाब नशे के कारण चौपट हो चुका है। हर गांव में, हर पंचायत में हर महीने दो-चार लाशें निकलती हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे देश को नशामुक्त करने की बात कही है, मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूँ। यदि वे देश को नशामुक्त करना चाहते हैं तो गुजरात की तरह पूरे देश में तम्बाकू और शराब पर प्रतिबंध लगाएं और देश के भविष्य को बचाएं।